परियोजना का नामः— प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद बागेश्वर में गरूड़—बिनखोली मोटर मार्ग से कोठों मोटर मार्ग के निर्माण में प्रभावित होने वाली वनभूमि का ग्राम्य विकास विभाग को हस्तान्तरण।

वनभूमि की मॉग की सन्दर्भित आख्या

विकास खण्ड गरूड़ तहसील गरूड़ जनपद बाागेश्वर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत गरूड़—बिनखोली मोटर मार्ग से कोठों मोटर मार्ग स्वीकृत है। उक्त मोटर मार्ग की लम्बाई 2.60 किमी0 है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में कुल 2.340 हे0 भूमि है। जिसमें सिविल सोयम 0.540 हे0 व वन पंचायत 0.00 हे0 है तथा नाप भूमि 1.800 हे0 है। चूँकि उत्तराखण्ड की लगभग 71 प्रतिशत क्षेत्रफल वन से आच्छादित है। अतः बिना वनभूमि प्रभावित हुए मोटर मार्ग का निर्माण सम्भव नही हो पायेगा। इस मोटर मार्ग निर्माण से बिनखोली, कोठों आबादी 634 लाभान्वित होगें। यह कार्य जनहित में प्रस्तावित है। उक्त मार्ग हेतु अन्य वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नही है। अतः अन्य वैकल्पिक भूमि न होने, प्रस्तावित समरेखन में वनभूमि कम होने, वृक्षों की संख्या कम होने, अधिकत्तम जनसंख्या एवं बसावट लाभन्वित होने, उचित ग्रेडियन्ट प्राप्त होने, न्यूनतम लम्बाई होने, हेयरपिन बैण्ड न्यूनतम होने एवं भूगर्भीय स्थिति (स्लाईडिंग जोन ना होना) उचित होने के कारण उक्त वनभूमि से मार्ग का निर्माण किया जाना आवश्यक है। कोठों ग्राम को जोड़ने के लिए वनभूमि के प्रयोग किये बिना कोई और विकल्प नही है अन्यथा कोठों ग्राम मोटर मार्ग से जुड़ने से वंचित रह जायेगा। समरेखन संख्या— 2 में वनभूमि का क्षेत्रफल 2700 वर्गमी0 अधिक आ रहा था एवं वनभूमि के न्यूनत्तम प्रयोग की मॉग पर उसे निरस्त कर दिया गया है। सम्बन्धित सभी विभाग— वन विभाग, प्रयोक्ता एजेन्सी, राजस्व विभाग आदि द्वारा मार्ग में वनभूमि के न्यूनत्तम प्रयोग करने हेतु भरसक प्रयास किये गये है।

कनिष्ठ अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड, बागेश्वर।	सहायक अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड, बागेश्वर।	अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड, बागेश्वर।